हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शनिवार 18 जुलाई 2026

11 हकेंवि के प्रबंधन अध्ययन विभाग में...



12 जैलाफ के बड़े जोहड़ को नहरी पानी से भरने की...



करोड़ों की योजना वर्षों तक रही अधूरी

अब बरम बनाकर बिछाई जाएंगी टाइलें

# आठ साल बाद जागा नप प्रशासन, रेवाड़ी रोड के अधूरे फुटपाथ का निर्माण फिर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

- नालों की खामियों से आज भी जलभराव की समस्या बरकरार, निर्माण शुरू होते ही वन विभाग ने जताई आपत्ति

शहर की सबसे व्यस्त सड़कों में शामिल रेवाड़ी रोड पर करीब आठ वर्ष पहले शुरू की गई फुटपाथ और नाला निर्माण परियोजना एकबार फिर चर्चा में है। वर्षों तक अधूरी पड़ी इस योजना को अब नगर परिषद ने दोबारा गति दी है। कीया कंपनी के वाहन शोरूम से आगे सड़क के उस हिस्से पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है, जिसे पहले अधूरा छोड़ दिया गया था। फिलहाल जेसीबी से खुदाई कर बरम तैयार किया जा रहा है, जिसके बाद यहां टाइलों वाला फुटपाथ बनाया जाएगा। हालांकि निर्माण शुरू होते ही वन विभाग ने सड़क किनारे हरियाली को नुकसान पहुंचने की आशंका जताते हुए आपत्ति भी दर्ज कराई है।



नारनौल। रेवाड़ी रोड पर फुटपाथ निर्माण के लिए की गई खुदाई। फोटो : हरिभूमि

यह परियोजना प्रदेश सरकार की ओर से करीब आठ साल पहले गंदे नाले से कृष्णावती नदी स्थित वन विभाग की जंगलात तक दोनों ओर नालों और फुटपाथ के निर्माण के लिए स्वीकृत की गई थी। तब नालों के निर्माण के लिए 159.61 लाख रुपये मंजूर किए गए थे, जबकि दोनों ओर पक्के फुटपाथ बनाने के लिए अलग से करोड़ों रुपये स्वीकृत हुए थे। इसके बावजूद नगर परिषद इस महत्वाकांक्षी परियोजना को समय पर पूरा नहीं करा सकी। हालात यह हैं कि करीब दो किलोमीटर के दायरे का निर्माण भी आठ वर्षों में पूरा नहीं हो पाया।

निर्माण कार्य कई बार शुरू हुआ, लेकिन हर बार बीच में ही रोक दिया गया। सड़क के एक ओर फुटपाथ बना दिया गया, जबकि दूसरी ओर का हिस्सा अधूरा छोड़ दिया गया। इसके कारण लोगों को वर्षों तक कच्ची मिट्टी से होकर गुजरना पड़ा। गर्मियों में धूल और बरसात में कीचड़ से राहगीरों, स्कूली बच्चों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। अब अधूरे हिस्से पर काम शुरू होने से लोगों को उम्मीद है कि लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान होगा। परियोजना के दूसरे हिस्से, यानी नालों की उपयोगिता पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेवाड़ी रोड का स्तर ऊंचा कर दिया गया, जबकि आसपास की गलियां और पुराने मकान पहले की ऊंचाई पर ही रह गए। इसके बाद जो छोटे नाले बनाए गए, वे भी गलियों से ऊंचे हैं। परिणामस्वरूप गलियों का वर्षा जल नालों तक पहुंच ही नहीं पाता और हर बरसात में जलभराव की स्थिति बन जाती है। कई वर्षों से सफाई नहीं होने के कारण अधिकांश नाले भी अवरुद्ध हो चुके हैं। लोगों का कहना है कि जब तक इन तकनीकी कमियों को दूर नहीं किया जाएगा।

### योजना पर खर्च व निर्माण गुणवत्ता पर भी सवाल

जागरूक नागरिकों का कहना है कि लगभग दो फुट चौड़े और तीन फुट ऊंचे नाले की आरसीसी दीवारों की मोटाई महज चार इंच रखी गई है। ऐसे निर्माण पर करीब डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक खर्च होना लोगों को अनियमितताओं से भरा हुआ लगता है और उन्हें इसमें भारी गोलमाल होने की बू आती है। दूसरी ओर फुटपाथ निर्माण के लिए भी अलग से करोड़ों रुपये स्वीकृत किए गए थे। ऐसे में लोग पूरे प्रोजेक्ट की गुणवत्ता, लागत और कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं तथा निर्माण में अनियमितताओं और वित्तीय गड़बड़ियों की आशंका जता रहे हैं। उनका कहना है कि यदि पूरे मामले की तकनीकी जांच कराई जाए तो वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है। जानकारी के अनुसार, यह परियोजना शहर के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ पैदल यात्रियों की सुविधा और जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। लेकिन वर्षों तक अधूरे निर्माण और रखरखाव के अभाव ने इसके उद्देश्य को ही प्रभावित कर दिया। अब नगर परिषद के सामने चुनौती केवल अधूरा फुटपाथ पूरा करना ही नहीं, बल्कि नालों की उपयोगिता और जल निकासी व्यवस्था को भी दुरुस्त करना है। स्थानीय लोगों की उम्मीद है कि इस बार नगर परिषद निर्माण कार्य को बीच में नहीं छोड़ेगी और पूरे प्रोजेक्ट को तय मानकों के अनुरूप पूरा करेगी। साथ ही नालों की सफाई, जल निकासी की व्यवस्था और निर्माण गुणवत्ता की भी निष्पक्ष समीक्षा कराई जाएगी, ताकि करोड़ों रुपये की इस परियोजना का वास्तविक लाभ शहरवासियों को मिल सके।

### यह कहते हैं अधिकारी

नगर परिषद के कार्यकारी अभियंता राकेश पूनिया ने बताया कि यह पुराना कार्य है। अधूरे फुटपाथ का निर्माण पूरा कराया जा रहा है। पहले बरम तैयार किया जाएगा, इसके बाद टाइलों का फुटपाथ बनाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### नपा चेयरमैन मामले में 27 अगस्त को होगी बहस

**मंडी अटेली।** अटेली नगर पालिका के चेयरमैन संजय गोयल से जुड़े चुनावी विवाद में महत्वपूर्ण कानूनी घटनाक्रम नौ जुलाई के बाद शुक्रवार को सेशन कोर्ट में मामला पहुंचने पर स्टे नहीं मिला। ट्रिब्यूनल कोर्ट के निर्णय अयोग्य करार को सेशन कोर्ट ने बरकरार रखा है। हालांकि अभी इस मामले अगली सुनवाई पर मुख्य बहस 27 अगस्त को होनी है। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि मामले की अंतिम स्थिति अदालत के निर्णय के बाद ही स्पष्ट होगी। इस बीच याचिकाकर्ता भूपेश के पक्ष दूसरे नंबर पर रहने वाले पर सुनवाई 27 अगस्त को होगी। संजय गोयल की याचिका को स्टे नहीं मिलने पर अब नपा के वाइस चेयरमैन के पास हरियाणा लोकल बाडी द्वारा नोटिफिकेशन जारी होने पर अध्यक्ष की शक्तियां मिल सकती है।

### बाल भवन के पीछे कॉलोनी में आज संकीर्तन

**नारनौल।** श्री श्याम महायज्ञ आयोजन समिति की ओर से 18 जुलाई की शाम बाल भवन के पीछे निशुल्क साप्ताहिक संकीर्तन आयोजित होगा। समिति के प्रेस सचिव राहुल शर्मा ने बताया कि मुख्यजमान अनिल कुमार सपरिवार होंगे। श्याम दरबार को रंग बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया जाएगा। बाबा श्याम को भजनों से रिझाया मनाया जाएगा।

कोरियावास में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने मुख्य अतिथि के तौर पर की शिरकत

# मेडिकल कॉलेज में 600 बेड क्षमता के साथ आईपीडी शुरू, नहीं जाना पड़ेगा जयपुर

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से किया महर्षि च्यवन राजकीय मेडिकल कॉलेज व राव तुलाराम अस्पताल कोरियावास का लोकार्पण*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

दक्षिणी हरियाणा के नागरिकों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को जींद से वर्चुअल माध्यम से नारनौल के नजदीक स्थित महर्षि च्यवन ऋषि राजकीय मेडिकल कॉलेज और राव तुलाराम अस्पताल कोरियावास का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में प्रधानमंत्री ने जींद में आयोजित इस राज्य स्तरीय समारोह में लगभग 15 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। स्थानीय स्तर पर कोरियावास में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।

लोकार्पण के साथ ही लगभग 76 एकड़ में फैले इस आधुनिक मेडिकल कॉलेज में आपातकालीन दुर्घटना तथा आईपीडी सेवा शुरू हो गई है। इस आईपीडी में 600 बेड की क्षमता के साथ शुरुआत हुई है। इस नई सुविधा के शुरू होने से अब मरीजों को गंभीर स्थिति में जयपुर या रोहतक नहीं जाना पड़ेगा। अब उन्हें अपने ही क्षेत्र में तुरंत और बेहतर इलाज मिल सकेगा। इस अवसर पर अस्पताल परिसर में बड़ी स्क्रीन लगाई गई थी जिस पर स्थानीय लोगों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा। लोकार्पण समारोह में संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर नागरिक को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोल रही है। लोकार्पण समारोह से पहले स्वास्थ्य मंत्री ने मेडिकल कॉलेज प्रांगण में पौधरोपण किया।





नारनौल। संबोधित करती स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में बीजेपी के जिला अध्यक्ष डॉ यतेंद्र राव ने स्वागत संबोधन दिया। मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ बृजेंद्र सिंह ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने हैप्पी कार्ड, पीएम स्व निधि तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को कार्ड व चाबी सौंपी। इस मौके पर डीसी अनुपमा अंजली, केंद्रीय विश्वविद्यालय के वीसी प्रो टंकेश्वर कुमार व एसपी दीपक, जिला परिषद अध्यक्ष डॉ राकेश कुमार, पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव, अटेली के पूर्व विधायक सीताराम यादव, पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह, पूर्व मंत्री कैलाश शर्मा, गोबिंद भारद्वाज, भिवानी शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन शंकर घुपड़, फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार मनीष मित्तल, नप चेयरपर्सन कमलेश सैनी, महिला आयोग की सदस्य भारती सैनी, समाजसेवी संजय सैनी, बाबूलाल चेयरमैन, मनोज सेकवाल, मंदीप एडवोकेट, संदीप राव एडवोकेट, विकास बड़कोदा, वासुदेव यादव व जेपी सैनी के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### पूर्व मंत्री व विधायक बोले...

पूर्व मंत्री एवं नारनौल के विधायक ओम प्रकाश यादव ने कहा कि अब हरियाणा सहित राजस्थान के आसपास के नागरिकों को भी इस अस्पताल से फायदा होगा और इस मेडिकल कॉलेज से इस इलाके की दशा और दिशा बदलेगी। उन्होंने इतनी बड़ी सौगात देने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया। महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है प्रदेश में चहुमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी की ही सरकार है जिसमें इस बड़े प्रोजेक्ट का शिलान्यास और इसी सरकार में इसका लोकार्पण आज हो रहा है यह बहुत बड़ी बात है। पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले इस जिले में मेडिकल कॉलेज, रोपवे तथा बाईपास जैसी परियोजनाओं के बारे में सोच भी नहीं सकते था। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद यह सभी प्रोजेक्ट धरातल पर उतरे हैं। उन्होंने कहा कि यह मेडिकल इलाके के लिए बहुत बड़ी सौगात है। उन्होंने विशेषकर कोरियावास ग्राम पंचायत का भी आभार जताया है जिन्होंने इलाके के विकास के लिए जमीन दी।



नारनौल। पत्रकारों से बातचीत करती स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव।

## जल्द होगी 1400 कर्मियों की भर्ती, प्रदेश के अस्पतालों को मिलीं 70 नई एंबुलेंस

*महर्षि च्यवन राजकीय मेडिकल कॉलेज और राव तुलाराम अस्पताल में 141 करोड़ से बढ़ेंगी सुविधाएं : आरती राव*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सरकार की प्राथमिकताओं को साफ कर दिया है। नारनौल के कोरियावास स्थित महर्षि च्यवन राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं राव तुलाराम अस्पताल के लोकार्पण के बाद पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।

इस वर्ष कोरियावास मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं बढ़ाने तथा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 141 करोड़ रुपए का बजट खर्च किया जाएगा। अस्पताल में लंबे समय से महसूस की जा रही कर्मचारियों की कमी को दूर करने के लिए लगभग 1400 पदों पर हरियाणा कौशल रोजगार निगम और स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड को मांग पत्र भेज दिया गया है। इन पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी होते ही स्थानीय मरीजों को और भी बेहतर और त्वरित चिकित्सा सेवाएं मिलने लगेंगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे में जमीनी स्तर पर बड़े बदलाव लाना है, ताकि हर नागरिक तक स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से पहुंच सकें। स्वास्थ्य मंत्री ने भिवानी और कोरियावास मेडिकल कॉलेजों को एक अनमोल उपहार बताया। प्रदेश स्तर पर स्वास्थ्य सुधारों का जिक्र करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आपातकालीन स्थिति में मरीजों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने के लिए विभिन्न सरकारी अस्पतालों को 70 नई एंबुलेंस सौंपी जा चुकी हैं। आयुष्मान भारत योजना की सफलता का उल्लेख करते हुए अब तक प्रदेश के गरीब और वंचित वर्ग के लोगों के इलाज के लिए 1400 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है।

कनीना में प्रशासनिक हलचल

# श्री कृष्ण गोशाला समिति के लिए चुनाव अधिकारी नियुक्त



जारी किए गए आदेश

- अवैध होर्डिंग्स पर नगर पालिका अध्यक्ष सख्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कनीना

कनीना में प्रशासनिक स्तर पर दो महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आए हैं। एक ओर जहां श्री कृष्ण गोशाला समिति के चुनाव को लेकर जिला रजिस्ट्रार ने कड़ा कदम उठाते हुए प्रशासक की नियुक्ति कर दी है, वहीं दूसरी ओर नगर पालिका अध्यक्ष ने शहर में लगे अवैध होर्डिंग्स और विज्ञापनों पर सख्त रुख अपनाते हुए अधिकारियों को सात दिन का अल्टीमेटम दिया है।

### गोशाला समिति के चुनाव 3 महीने में होंगे संपन्न

श्री कृष्ण गोशाला समिति, कनीना के चुनाव और प्रबंधन को लेकर फर्म्स एंड सोसाइटीज नारनौल से जिला रजिस्ट्रार ने 17 जुलाई 2026 को एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार गोशाला समिति की गवर्निंग बॉडी का कार्यकाल पहले ही समाप्त हो चुका था और चुनाव प्रक्रिया में देरी हो रही थी। इसे देखते हुए हरियाणा रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन ऑफ सोसाइटीज एक्ट 2012 के तहत कार्रवाई करते हुए सेवानिवृत्त प्रिंसिपल कृष्ण सिंह को प्रशासक-सह-चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्हें गोशाला के दैनिक कार्यों का सुचारू प्रबंधन करने और तीन महीने के भीतर वीडियोग्राफी के साथ पारदर्शी तरीके से चुनाव संपन्न कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### अवैध विज्ञापनों पर नगर पालिका अध्यक्ष का कड़ा रुख

प्रशासनिक सख्ती का दूसरा मामला नगर पालिका कनीना से जुड़ा है। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. रिंपी कुमारी ने शहर की सुंदरता को खराब करने वाले अवैध होर्डिंग्स के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने 17 फरवरी 2026 को नगर पालिका सचिव को एक रिमाइंडर पत्र लिखा था। इससे पहले उन्होंने आठ जनवरी 2026 को भी इस संबंध में कार्रवाई के निर्देश दिए थे। अध्यक्ष ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि उनके पूर्व आदेशों के बावजूद अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है और शहर में अवैध विज्ञापन ज्यों के त्यों लगे हुए हैं। यह न केवल नियमों का उल्लंघन है बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा और शहर के सौंदर्य के लिए भी हानिकारक है। डॉ. रिंपी कुमारी ने सचिव को तुरंत सभी अनधिकृत विज्ञापन स्थलों का निरीक्षण कर उन्हें हटाने के निर्देश दिए हैं और सात दिनों के भीतर अनुपालन रिपोर्ट मांगी है।



मंडी अटेली। कूलर के पानी की जांच करते स्वास्थ्य कर्मी। फोटो : हरिभूमि

### अटाली के 3 घरों में मिला डेंगू के एडीज मच्छर का लार्वा

**मंडी अटेली।** मानसून के मौसम में डेंगू के बढ़ते खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को सिहमा खंड के गांव अटाली में विशेष लार्वा जांच अभियान चलाया। यह अभियान सिहमा पीएचसी के प्रभारी डॉ. राहुल के नेतृत्व में संचालित किया गया। अभियान के दौरान टीम ने गांव के सरपंच जीतपाल को स्वास्थ्य मंत्री आरती राव की अपील भी सौंपी, जिसमें डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया गया। स्वास्थ्य कर्मी अनिल कुमार के नेतृत्व में गठित टीम में महिला स्वास्थ्यकर्मी रीना कुमारी तथा आशा कार्यकर्ता रजनेश और देवकला शामिल रही। टीम ने गांव के करीब 70 घरों में जाकर कूलर, पानी की टंकियों, हौद सहित विभिन्न स्थानों पर जमा पानी की गहन जांच की। जांच के दौरान तीन घरों में पानी की टंकियों और हौद में डेंगू के एडीज मच्छर का लार्वा पाया गया। टीम ने तुरंत संबंधित घरों को नोटिस जारी करते हुए पानी खाली करवाया और लार्वा को नष्ट किया। साथ ही ग्रामीणों को जागरूक करते हुए पंपलेट वितरित किए गए। वहीं सिहमा पीएचसी के प्रभारी डॉ राहुल ने बताया कि डेंगू एडीज मच्छर के काटने से फैलता है, जो साफ पानी में पनपता है और दिन के समय अधिक सक्रिय रहता है।

### यूजी-पीजी में प्रवेश के लिए 24 जुलाई तक कर लें औपचारिकताएं पूरी

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक (यूजी) द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर (पीजी) द्वितीय वर्ष की प्रवेश प्रक्रिया जारी है। महाविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों से 24 जुलाई तक सभी प्रवेश औपचारिकताएं पूरी करने की अपील की है। महाविद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार के निर्देशन में संचालित प्रवेश प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन प्रवेश के नोडल अधिकारी प्रो. सतीश सैनी ने बताया कि सभी पात्र विद्यार्थियों को सबसे पहले उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के प्रवेश पोर्टल पर ऑनलाइन फीस जमा करनी होगी। इसके बाद निर्धारित प्रवेश आवेदन पत्र सावधानीपूर्वक भरना होगा। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी होने के बाद विद्यार्थियों को अपने सभी मूल दस्तावेज एवं उनकी स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ संबंधित कक्षा की प्रवेश समिति के समक्ष उपस्थित होकर प्रवेश का सत्यापन एवं अन्य आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी। महाविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रवेश से संबंधित सभी औपचारिकताएं 24 जुलाई तक पूरी करना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि के बाद प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को विलंब शुल्क देना पड़ सकता है।



# देवताओं की तस्वीर बनाने पर उठे सवाल, डाल रहे कूड़ा

- धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप, गो रक्षा दल ने कानूनी कार्रवाई की दी चेतावनी

**नारनौल।** शहर में स्वच्छता अभियान के तहत बनाई गई एक दीवार पेंटिंग को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। गो रक्षा दल के अध्यक्ष भवानी शंकर ने आरोप लगाया है कि नगर परिषद नारनौल द्वारा बनाई गई पेंटिंग में भगवान श्रीराम और हनुमान जी की आकृतियां ऐसे स्थान पर बनाई गई हैं, जिसके ठीक सामने कचरा जमा हो रहा है। उनका कहना है कि इससे हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। भवानी शंकर ने कहा कि यह जगह राव बंसी सिंह पार्क के मुख्य गेट के पास की है। यदि इस पेंटिंग को तत्काल सम्मानजनक स्थान पर स्थानांतरित नहीं किया गया या आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई तो नगर परिषद नारनौल के संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि धार्मिक प्रतीकों का उपयोग करते समय उनकी गरिमा और सम्मान का विशेष ध्यान रखा जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वच्छता का संदेश देना सराहनीय है।




नारनौल। दीवार पर बनाई गई देवताओं की तस्वीर के आगे डाला गया कूड़ा। फोटो : हरिभूमि

नगर परिषद ने दुकानदारों व मकान मालिकों के लिए जारी की सार्वजनिक सूचना

# पार्क गली में अतिक्रमण हटाएं दुकानदार, कल तक का दिया समय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

नगर परिषद प्रशासन ने पार्क गली से अतिक्रमण हटाने के लिए सार्वजनिक सूचना जारी की है। इसमें कहा गया है कि पार्क गली में रहने वाले दुकानदार व मकान मालिक नगर परिषद की भूमि पर पैड़ी, चबूतरा, स्लैब, रैंप, शेड अथवा अन्य कोई अस्थाई या स्थाई निर्माण कर किसी प्रकार का अतिक्रमण किया हुआ है तो उसे हटा लें। इसके लिए उन्हें 19 जुलाई दोपहर साढ़े तीन बजे तक का समय दिया है। इस समयावधि बीतने के बाद नगर परिषद अपने स्तर पर अतिक्रमण को हटाएंगी। उप मंडल अधिकारी (नागरिक) नारनौल के आदेशानुसार यदि इस संबंध में आपको कोई आपत्ति, स्पष्टीकरण अथवा अभ्यावेदन प्रस्तुत करना हो, तो 19 जुलाई को दोपहर 12 बजे तक उप मंडल अधिकारी (नागरिक) नारनौल के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय सीमा तक यदि अतिक्रमण स्वेच्छा से नहीं हटाया जाता है, तो 19 जुलाई को अपराह्न 3:30 बजे के पश्चात किसी भी समय नगर परिषद प्रशासन द्वारा बिना किसी अन्य सूचना के उक्त अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के दौरान होने वाला समस्त व्यय संबंधित अतिक्रमणकर्ता से हरियाणा नगरपालिका अधिनियम, 1973 तथा अन्य प्रासंगिक नियमों के अनुसार वसूल किया जाएगा। सभी संबंधित व्यक्तियों से जनहित एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखते हुए निर्धारित समय के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाकर नगर परिषद की कार्रवाई से बचें।



### क्या कहते हैं ईओ

*नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी जोगेंद्र सिंह कालीरामणा ने बताया है कि पार्क गली में अतिक्रमण हटाने के आदेश उप मंडल अधिकारी (नागरिक) नारनौल के मिले है। आदेश की पालना के लिए सार्वजनिक सूचना जारी की है। इस समयावधि के बाद नगर परिषद अपने स्तर पर अतिक्रमण को हटाने का काम करेगी। इसका खर्चा भी अतिक्रमण कारियों से ही वसूला जाएगा।*



# ओएमजी 2 का आइडिया मेरा था क्रेडिट तक नहीं दिया गया : परेश

**मुंबई।** अभिनेता परेश रावल ने अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी की फिल्म 'ओएमजी 2' को लेकर एक बड़ा दावा किया है। एक्टर ने दावा किया कि 'ओएमजी 2' की कहानी असल में एक आइडिया के तौर पर शुरू हुई थी, जिसे उन्होंने डायरेक्टर अमित राय के साथ मिलकर डेवलप किया था। बाद में उन्हें ही इस कहानी या कॉन्सेप्ट का क्रेडिट नहीं दिया गया। एक्टर ने यह भी कहा कि अक्षय कुमार के इस प्रोजेक्ट से जुड़ने के बाद कहानी में काफी बदलाव किए गए, जिसकी वजह से उन्होंने फिल्म से अलग होने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि उनकी ओरिजिनल कहानी पिता-बेटे के रिश्ते पर आधारित एक ड्रामा थी, जिसमें यौन शिक्षा, लोगों के बीच बेइज्जती और न्याय के लिए माता-पिता की लड़ाई जैसे मुद्दे शामिल थे।

लाइफ Style



# कृति
## सनकी लड़की का रोल करना चाहती हूं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कृति सेनन का कहना है कि अब वे लीक से हटकर किरदारों के जरिए खुद को चुनौती देने के लिए उत्साहित हैं। अभिनेत्री ने माना कि वे जाने-पहचाने किरदारों से आगे बढ़ना चाहती हैं और उन्हें खास तौर पर साइकोलॉजिकली इंटेंस किरदार पसंद हैं। उन्होंने कहा कि वे पर्दे पर 'साइको चिक' का रोल निभाना पसंद करेंगी।

कृति सेनन ने हाल ही में एक बातचीत में उस तरह के किरदारों के बारे में बात की, जिन्हें वे भविष्य में आजमाना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि साइकोलॉजिकल ड्रामा 'ऑब्सेशन' देखने के बाद उन्हें स्क्रिप्ट चुनने के अपने तरीके पर फिर से सोचने की प्रेरणा मिली। फिल्म के असर के बारे में बात करते हुए कृति ने कहा, 'जब मैंने 'ऑब्सेशन' देखी, तो मुझे लगा, 'अरे बाप रे, हमें सेफ खेलने की आदत छोड़नी होगी। हमें कुछ हटकर करना होगा'। इसने मुझे सच में बहुत उत्साहित किया। कृति सेनन एक 'साइको' लड़की का किरदार निभाना चाहती हैं। एक्ट्रेस ने जेंडाया जैसे स्टार्स को भी इसका क्रेडिट दिया, जिन्होंने अपनी शानदार परफॉर्मेंस मुश्किल किरदारों को निभा पाने की हिम्मत से प्रेरित किया है। कृति ने रियल पर्सनैलिटी से बिल्कुल हटकर किरदार निभाने की ख्वाहिश जताई। उन्होंने कहा, 'मैं एक सनकी किरदार निभाना चाहती हूं'। कृति सेनन ने कहा, 'मैं किरदारों को लेकर सेफ साइड में नहीं चलना चाहती। एक अभिनेत्री के रूप में, ऐसा जीवन जीना बहुत रोमांचक है, जो आपके जीवन से बिल्कुल अलग है और उस व्यक्ति का पता लगाना जो आप नहीं हैं। मैं पूरी तरह से किसी मानसिक रोगी का किरदार निभाना पसंद करूंगी'। कृति के वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में उन्हें 'कॉकटेल 2' में देखा गया।

हॉलीवुड मसाला



# बड़े शहरों में द ओडिसी के टिकट काफी महंगे

**नई दिल्ली।** क्रिस्टोफर नोलन की मच अवेटेड फिल्म 'द ओडिसी' शुक्रवार को थिएटर्स में रिलीज हो चुकी है। टिकट की कीमतें चौंकाने वाली हैं। पुणे के आईएनओएक्स मेगाप्लेक्स में रिक्लाइनर सीट की कीमत 3,400 है। मुंबई के लोअर परेल स्थित पीवीआर आइकान, फीनिक्स पैलेडियम में यही सीट 3,100 में मिल रही है। वहीं, दिल्ली-एनसीआर के पीवीआर आईमैक्स (प्रिया) में टिकट 2,500 तक पहुंच गए हैं। बेंगलुरु में सिनेपोलिस नेक्सस शांतिनिकेतन में एक टिकट 1,950 का है, जबकि आईएनओएक्स साउथ सिटी मॉल में टिकट 1,240 तक मिल रहा है। फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी एक्साइटमेंट है और एडवांस बुकिंग भी तेजी से हो रही है।



# सिनेमा में आने से पहले करता था कारपेंटर का काम

**नई दिल्ली।** ऐसे कई एक्टर हुए, जिन्होंने अपने स्ट्रगल के दिनों में छोटे- मोटे काम किए और फिर सिनेमा के बड़े स्टार बने. उनके टैलेंट को पूरी दुनिया ने सराहा। आज हम ऐसे ही एक एक्टर के बारे में बताने जा रहे हैं। वो एक्टर हैं हैरिसन फोर्ड। 1960 के दशक के आखिर में संघर्ष कर रहे हैरिसन फोर्ड ने अपने परिवार का खर्च चलाने के लिए लाइब्रेरी की किताबों को पढ़ कर कारपेंटरी (बढ़ई का काम) सीखी और वह हॉलीवुड सेलेब्स के बीच पसंदीदा कारीगर बन गए। 1975 में जब वह उस ऑफिस में दरवाजा लगा रहे थे, जहां जॉर् 'स्टार वॉर्स' के लिए ऑडिशन ले रहे थे। तब फोर्ड से ऑडिशन देने वाले एक्टर्स के साथ डायलॉग पढ़ने के लिए कहा गया। उनकी प्रतिभा को देखते हुए उन्हें 'हान सोलो' के रोल के लिए चुना गया। फोर्ड 1960 के दशक में हॉलीवुड आए और कोलंबिया पिक्चर्स के साथ कॉन्ट्रैक्ट साइन किया। उन्हें सिर्फ छोटे-मोटे और असंतोषजनक रोल मिले, जिनसे मुश्किल से ही गुजारा हो पाता था।



# हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में लोग सपोर्ट नहीं करते

**मुंबई।** अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह कई तेलुगु और हिंदी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने दोनों इंडस्ट्रीज में काम करने के माहौल के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि उन्हें लगता है कि टॉलीवुड में लोग एक बड़े परिवार की तरह काम करते हैं, जबकि बॉलीवुड में माहौल अलग होता है। रकुल प्रीत सिंह ने बताया कि तेलुगु इंडस्ट्री ने हमेशा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया है और सपोर्ट किया है। रकुल के मुताबिक, वहां के एक्टर्स, डायरेक्टर्स और प्रोड्यूसर्स हमेशा एक-दूसरे का हौसला बढ़ाने के लिए तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा कि वे खुशी-खुशी एक-दूसरे के ट्रेलर को प्रमोट करते हैं। दूसरी ओर, उन्होंने कहा कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें अक्सर लोगों में असुरक्षा की भावना महसूस होती है। उन्होंने कहा कि इसी वजह से कई लोग खुलकर दूसरों की फिल्मों को सपोर्ट नहीं करते हैं।



# 4000 करोड़ की रामायण में भगवान शिव बनेगा ये एक्टर

**नई दिल्ली।** नितेश तिवारी की 'रामायण' में भगवान शिव के किरदार के लिए मोहित रैना का नाम सबसे आगे चल रहा है। हालांकि, फिल्म के मेकर्स की ओर से अभी तक इस कास्टिंग को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इसके बावजूद सोशल मीडिया और फिल्मी गलियारों में लगातार यही दावा किया जा रहा है कि मेकर्स इस अहम भूमिका के लिए मोहित रैना को लेकर काफी उत्साहित हैं। मोहित रैना ने टीवी के पॉपुलर शो 'देवों के देव... महादेव' में भगवान शिव का किरदार निभाकर जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की थी। उनकी एक्टिंग, डायलॉग्स और स्क्रीन प्रेजेंस ने इस किरदार को दर्शकों के बीच बेहद खास बना दिया था। यही वजह रही कि आज भी बड़ी संख्या में लोग उन्हें 'महादेव' के नाम से पहचानते हैं। अगर रिपोर्ट्स सही साबित होती हैं तो लंबे समय बाद दर्शकों को एक बार फिर उन्हें भगवान शिव के रूप में देखने का मौका मिल सकता है।

टीवी मसाला



# सोनू ने गाया था दूरदर्शन के पॉपुलर शो का गाना

**नई दिल्ली।** टीवी पर सिर्फ एक धुन बजती थी।.. और अगले ही पल पूरा घर चुप हो जाता था। बच्चों की बातें रुक जाती थीं, बड़े भी अपनी जगह छोड़ने का नाम नहीं लेते थे। जैसे-जैसे गाने की धुन आगे बढ़ती, वैसे-वैसे तिलिस्म और रोमांच से भरी एक नई दुनिया का दरवाजा खुलने लगता था। मजेदार बात ये है कि उस धुन को सुनकर करोड़ों लोगों ने बचपन बिताया, लेकिन उसकी आवाज के पीछे कौन था, ये राज आज भी बहुत कम लोग जानते हैं। फिल्मों में अपनी आवाज का जादू बिखेरने से पहले एक मशहूर सिंगर ने दूरदर्शन के इस सुपरहिट शो को अपनी आवाज देकर हमेशा के लिए यादगार बना दिया। ये शो था 'चंद्रकांता', जिसने 90s में दूरदर्शन पर आते ही दर्शकों को अपना दीवाना बना लिया था। शो की कहानी जितनी दिलचस्प थी, उसका टाइटल सॉन्ग भी उतना ही खास था। बहुत कम लोग जानते हैं कि इस यादगार टाइटल ट्रैक को सोनू निगम ने अपनी आवाज दी थी। उनकी आवाज ने शो के रहस्यमयी माहौल को ऐसा रंग दिया कि पहली धुन बजते ही लोग टीवी के सामने टिक जाते थे। तिलिस्म, ऐयारी, प्यार और सस्पेंस से भरी चंद्रकांता की दुनिया हर हफ्ते दर्शकों को नई रोमांचक यात्रा पर ले जाती थी। लेकिन शो का टाइटल सॉन्ग भी इसकी सबसे बड़ी पहचान बन गया. उस दौर में ना सोशल मीडिया था और ना ही यूट्यूब, फिर भी लोग इसकी धुन गुनगुनाते थे। यही वजह है कि आज भी ये गाना सुनते ही 90s की ढेर सारी यादें ताजा हो जाती हैं।

## आकांक्षा के कारण असहज हो जाते हैं धीरज

**नई दिल्ली।** टीवी एक्टर धीरज धूपर ने रियलिटी शो "लॉक अपः सच या सजा" में अपनी को-कंटेस्टेंट आकांक्षा चमोला को 'रेड फ्लैग' कहा है, क्योंकि उनके व्यवहार से धीरज को असहज महसूस होता है। शो के आने वाले 'जजमेंट डे' एपिसोड में एक्टर अर्जुन कपूर धीरज से पूछेंगे कि वह आकांक्षा को क्या टैग देना चाहेंगे। आकांक्षा ने पहले खुलकर खुद को 'बाइसेक्सुअल' बताया था और बाद में शो के दौरान खुद को 'एसेक्सुअल' कहा। धीरज ने उन्हें रेड फ्लैग का टैग दिया और इसकी वजह भी बताई। उन्होंने कहा, रेड फ्लैग, जिस तरह से वह व्यवहार करती हैं, उससे मैं असहज हो जाता हूं। उन्होंने पामेला सेरेना के साथ आकांक्षा की करीबी बॉन्डिंग की ओर भी इशारा किया. धीरज की बात सुनकर आकांक्षा नाराज हो गईं और कहा- ऐसा लग रहा है जैसे मैं आपको शारीरिक रूप से असहज कर रही हूं। नेटफ्लिक्स के इस शो में आकांक्षा चौधरी, योगेश रावत, राम कपूर, श्रेया कालरा, शिवांगी जोशी, हर्षद चोपड़ा, सूफी मोतीवाला, धीरज धूपर और वरुण यादव (उर्फ लैला) जैसे मशहूर नाम शामिल हैं।



# 7 महीने की प्रेग्नेंसी में किया ताबड़तोड़ एक्शन



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण पर्दे पर कई तरह के रोल कर चुकी हैं। उन्होंने रोमांटिक हीरोन से लेकर एक्शन हीरोइन तक माना जाता है। दीपिका पादुकोण इन दिनों प्रेग्नेंट हैं। लेकिन, इस दौरान भी दिग्गज एक्ट्रेस का जज्बा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। दीपिका पादुकोण अपनी तीसरी तिमाही में भी रुके बिना काम कर रही हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, दीपिका अपनी आने वाली फिल्म राका की शूटिंग लगातार चला रही हैं। आठ घंटे की तय शिफ्ट और वर्क-लाइफ बैलेंस की वकालत के बावजूद वे फिल्म को समय पर पूरा करने के लिए पूरी तरह समर्पित हैं।सात महीने की प्रेग्नेंसी में दीपिका नाइट शिफ्ट्स कर रही हैं और बेहद चुनौतीपूर्ण एक्शन सीक्वेंस शूट कर रही हैं। मैटरनिटी लीव से पहले वे इस प्रोजेक्ट को पूरा करने पर पूरा ध्यान दे रही हैं। फिल्म की टीम दीपिका के प्रोफेशनलिज्म से काफी प्रभावित है। टीम के एक सदस्य ने कहा, "दीपिका ने मैटरनिटी ब्रेक से पहले फिल्म पूरी करने का फैसला कर लिया था। कुछ एक्शन सीक्वेंस बेहद मुश्किल और थकाऊ थे, लेकिन उन्होंने हर चुनौती को पार कर लिया. सेट पर उनका यह जुनून सबके लिए प्रेरणादायक है। साथ ही घर पर उनकी डेढ़ साल की बेटी को भी वे पूरा समय और प्यार दे रही हैं।" राका एटली की महत्वाकांक्षी साइंस-फिक्शन फैंटेसी एक्शन फिल्म है, जिसमें अल्लू अर्जुन और दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिकाओं में हैं। बड़े बजट वाली इस पैन-इंडिया फिल्म में शानदार विजुअल इफेक्ट्स और दमदार एक्शन सीक्वेंस देखने को मिलेंगे.

# बंटवारा 1947 से पहले रिलीज हो रही हैं सनी की ये 3 फिल्में

**मुंबई।** सनी देओल अगले महीने फिर से पर्दे पर नजर आने वाले हैं। उनकी फिल्म बंटवारा 1947 सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म 14 अगस्त को बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। लेकिन, उससे पहले सनी देओल की लगातार तीन हफ्ते में तीन फिल्में रिलीज होने वाली हैं। सनी देओल बॉलीवुड के दिग्गज कलाकारों में से एक हैं। फैंस उनकी फिल्म का बेसब्री से इंतजार करते हैं। आने वाले 20 दिन के अंदर सनी देओल ने तीन बड़ी हिट फिल्में फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं।




## कौन-कौन सी फिल्में होंगी रिलीज

दरअसल, पीवीआर इनॉक्स सनी देओल और राजकुमार संतोषी की शानदार विरासत का जश्न मना रहा है। इसके लिए वे 90 के दशक की तीन यादगार ब्लॉकबस्टर फिल्मों को फिर से रिलीज कर रहे हैं। इस रेट्रोस्पेक्टिव की शुरुआत 24 जुलाई को दामिनी से होगी, इसके बाद 31 जुलाई को घातक और 7 अगस्त को घायल को सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा। यह दर्शकों को 14 अगस्त को 'बंटवारा 1947' की रिलीज से पहले बड़े पर्दे पर इन क्लासिक फिल्मों का अनुभव करने का मौका देता है। यह पहल भारतीय सिनेमा की सबसे मशहूर फिल्ममेकर-एक्टर जोड़ी को सम्मान देती है और साथ ही पुराने फैंस और नई पीढ़ी के दर्शकों को इन यादगार फिल्मों को एक बार फिर थिएटर में देखने के लिए आमंत्रित करती है। बात करें फिल्म 'दामिनी' की तो यह फिल्म पहली बार साल 1993 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को बड़े पर्दे पर खूब पसंद किया गया था। 'दामिनी' में सनी देओल के साथ ऋषि कपूर,मीनाक्षी शेषाद्री और अमरीश पुरी मुख्य भूमिका में हैं। वहीं, फिल्म घातक में साल 1996 में सिनेमाघरों में आई थी। इस फिल्म ने उस वक्त बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी थी। 'घायल' की सनी देओल के कॅरियर की कल्ट फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 1990 में रिलीज हुई थी। इन सभी फिल्मों में सनी देओल के साथ मीनाक्षी शेषाद्री मुख्य भूमिका में थीं।

## पर्दे पर शायर बनते-बनते रह गए, लीना के साथ आने वाले थे नजर

# 57 साल पहले डिब्बा बंद हुई थी अमिताभ की फिल्म

एजेंस ⏭ नई दिल्ली

अमिताभ बच्चन को आज के समय में हिंदी सिनेमा का महानायक माना जाता है। पिछले 6 दशकों से ज्यादा लंबे करियर में अमिताभ ने एक से बढ़कर एक मूवीज के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। ज्यादा बातें उनकी हिट फिल्मों की जाती है, लेकिन आज चर्चा बिग बी की उस फिल्म के बारे में होगी, जिसमें अमिताभ बच्चन एक शायर की भूमिका निभाने वाले थे। ये एक बायोपिक मूवी थी और इसकी शूटिंग भी शुरू हो गई थी। लेकिन. फिर बाद में जाकर ये डिब्बा बंद हो गई। आइए जानते हैं कि अमिताभ बच्चन की 57 साल पुरानी वह फिल्म कौन सी थी।



### मिर्जा गालिब पर बनी हैं ये फिल्म

अमिताभ बच्चन बेशक पर्दे पर शायर मिर्जा गालिब की भूमिका नहीं निभा पाए। लेकिन, इस शायर की जिंदगी पर बनी सबसे मशहूर फिल्म मिर्जा गालिब (1954) में दिग्गज अभिनेता रहे भरत भूषण ने मुख्य भूमिका निभाकर वाहवाही लूटी थी।

### कुछ दिनों की शूटिंग के बाद बंद हो गई

फिल्म की कास्ट के स्क्रीन टेस्ट भी हो गए थे, जिसमें अमिताभ ने सभी को प्रभावित किया। इसी वजह से सवान कुमार ने मिर्जा गालिब के शुरुआती सीन्स को भी फिल्मा लिया था। लेकिन, कुछ दिनों की शूटिंग के बाद मिर्जा गालिब बंद हो गई। आईएमडीबी की रिपोर्ट में ये दावा किया जाता है कि इस मूवी के निर्माताओं का अमिताभ बच्चन की आवाज और दुबले-पतले शरीर को लेकर स्क्रीन प्रजेंस पर संदेह होने लगा। उन्होंने मिर्जा गालिब पर पैसा लगाने से मना कर दिया और सावन कुमार टांक की मूवी से हाथ पीछे खींच लिए। इस तरह से अमिताभ बच्चन और लीना चंदावरकर की मिर्जा गालिब ठंडे बस्ते में चली गई और फिर कभी रिलीज नहीं हो पाई।

### सावन कुमार ने बनाई थी फिल्म बनाने की योजना

साल 1969 में आई निर्देशक ख्वाजा अहमद अब्बास की फिल्म सात हिंदुस्तानी से अमिताभ बच्चन ने बतौर अभिनेता हिंदी सिनेमा में कदम रखा था। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इससे पहले एक और ऐसी फिल्म बन रही थी, जिससे बिग बी का डेब्यू हो सकता था। इसी साल निर्देशक सावन कुमार टांक ने एक फिल्म बनाने की योजना बनाई थी, जिसका नाम था- मिर्जा गालिब। जी हां, मशहूर शायर रहे मिर्जा गालिब की बायोपिक में अमिताभ बच्चन को लीड एक्टर के तौर पर चुना गया। उनके साथ इस मूवी में अभिनेत्री लीना चंदावरकर को कास्ट किया गया था। सब कुछ सही चल रहा था।

## खबर संक्षेप

### सैनी सभा की महासचिव के बेटे ने पाई सफलता

**नारनौल।** नीट-2026 परीक्षा परिणाम वीरवार रात घोषित हो गया। बेहतर ऑल इंडिया और कैटेगरी रैंक हासिल करने वाले इन विद्यार्थियों के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस में प्रवेश की प्रबल संभावना जताई जा रही है। उनकी सफलता से परिवारों के साथ-साथ गांवों और शिक्षण संस्थानों में भी खुशी का माहौल है। वहीं सैनी सभा की महासचिव रेणू सैनी एवं लोकेश गांधी के बेटे उदित सैनी ने अपनी कैटेगरी में 9718वीं रैंक हासिल कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया। पिता लोकेश गांधी ने बताया कि उदित शुरू से ही होशियार रहा है। उसका सरकारी संस्थान में दाखिला हो जाएगा।

### जाट गुवाना के मयंक ने नीट में बढ़ाया मान

**मंडी अटेली।** गांव जाट गुवाना के प्रतिभाशाली छात्र मयंक प्रजापत ने



नीट यूजी 2026 परीक्षा में ऑल इंडिया में 9100 रैंक एवं ओबीसी श्रेणी में ऑल इंडिया में 4000 रैंक प्राप्त कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मयंक गांव का पहला छात्र बन गया है, जिसने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर मेडिकल क्षेत्र में प्रवेश का गौरव हासिल किया है।

### अमरपुर जोरासी की प्राची ने की नीट उत्तीर्ण

**नारनौल।** निकट के गांव अमरपुर जोरासी की बिटिया प्राची ने कठिन



परिश्रम एवं लग्न के बल पर नीट परीक्षा में 553 अंक लेकर गांव का नाम रोशन किया है। प्राची ने इसका श्रेय अपने माता-पिता तथा अपने स्वर्गीय दादा-दादी रामकुमार व रामा देवी के आशीर्वाद को दिया है।

### पलक यादव ने हासिल किए 616 अंक

**नारनौल।** गांव डोहर कला की होनहार छात्रा पलक यादव ने नीट-



यूजी 2026 परीक्षा में 720 में से 616 अंक प्राप्त कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पलक, दशरथ कुमार की पुत्री हैं। उनके पिता भारतीय नौसेना से सेवानिवृत्त होने के बाद हरियाणा सरकार में अध्यापक हैं, जबकि माता बैंक में कार्यरत हैं।

### प्रिंस ने नीट-यूजी में हासिल किए 619 अंक

**नारनौल।** गांव शहरपुर के होनहार छात्र प्रिंस पुत्र संजय यादव ने नीट-यूजी 2026 परीक्षा में पहले ही



प्रयास में 619 अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। प्रिंस ने ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 5360 तथा ओबीसी वर्ग में 2206वीं रैंक प्राप्त कर परिवार, गांव और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

### आदिति यादव ने 618 लेकर किया नीट क्वालिफाई

**नांगल चौधरी।** ढाणी जाजमा निवासी दलीप कुमार की पौत्री



आदिति यादव ने नीट में 618 अंक लेकर सफलता हासिल की है। पंचायत ने मेधावी छात्रा को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। सरपंच जिले सिंह ने कहा आदिति की सफलता से गांव की बेटियों को परिश्रम करने की प्रेरणा मिलेगी।

### वंशिका ने पहले ही प्रयास में किया नीट-यूजी पास

**नारनौल।** गांव जैलाफ की होनहार छात्रा वंशिका ने नीट-यूजी 2026



परीक्षा में पहले ही प्रयास में सफलता हासिल कर परिवार व गांव का नाम रोशन किया है। वंशिका ने 720 में से 592 अंक प्राप्त करते हुए ऑल इंडिया रैंक 12,671 तथा ओबीसी वर्ग में 5,805वीं रैंक हासिल की है।

## नवप्रवेशित एमबीए विद्यार्थियों को शैक्षणिक संस्कृति से कराया परिचित

# हकेंवि के प्रबंधन अध्ययन विभाग में दीक्षारंभ कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

■ विद्यार्थियों से अवसरों का भरपूर लाभ उठाकर स्वयं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप विकसित करने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। दीक्षारंभ कार्यक्रम में नवप्रवेशित एमबीए विद्यार्थियों के साथ कुलपति। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के नवप्रवेशित एमबीए विद्यार्थियों के लिए आयोजित छह दिवसीय दीक्षारंभ-2026 कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। आगामी 21 जुलाई तक आयोजित होने वाले इस अभिमुखीकरण कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, संस्थागत संस्कृति, पाठ्यक्रम, उपलब्ध संसाधनों तथा रोजगार एवं उद्यमिता के अवसरों से परिचित कराना है। विश्वविद्यालय कुलपति व कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्याधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं, अनुसंधान के अवसर, नवाचार, उद्यमिता तथा उद्योग-जगत से जुड़ाव जैसे अनेक मंच उपलब्ध कराता है। उन्होंने विद्यार्थियों से इन सभी अवसरों का भरपूर लाभ उठाकर स्वयं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप विकसित करने का आह्वान किया।

कुलपति ने कहा कि सफलता केवल कक्षा शिक्षण तक सीमित नहीं होती, बल्कि निरंतर सीखने, सकारात्मक दृष्टिकोण, नवाचार और सामाजिक संवेदनशीलता से प्राप्त होती है। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट स्टडीज (एसबीएमएस) की अधिष्ठाता प्रो. सुनीता तंवर ने कहा कि प्रबंधन शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करने का सशक्त आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों को उत्कृष्टता, अनुशासन एवं निरंतर सीखने की भावना के साथ अपने शैक्षणिक जीवन को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए प्रबंधन अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. आशीष माथुर ने कहा कि विश्वविद्यालय में प्रवेश विद्यार्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने विद्यार्थियों से ज्ञान, अनुशासन, नवाचार तथा नैतिक मूल्यों को आत्मसात करते हुए अपने व्यक्तित्व का समग्र विकास करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के संयोजक प्रो. आनंद शर्मा ने दीक्षारंभ कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस अवधि में विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक अभिमुखीकरण, विशेषज्ञ व्याख्यान, संवादात्मक सत्र, आइस-ब्रेकिंग गतिविधियां तथा व्यक्तित्व विकास से संबंधित विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे वे विश्वविद्यालय के वातावरण में सहज रूप से समाहित हो सकें।

### अवसरों का लाभ उठाने के लिए किया प्रेरित

उद्घाटन सत्र का समापन डॉ. अजय कुमार द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. दिव्या ने किया। उद्घाटन सत्र में पश्चात प्रो. एपी शर्मा, डॉ. अजय कुमार, डॉ. अनुराग बी सिंह व डॉ. दिव्या ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय, प्रबंधन अध्ययन विभाग, एमबीए पाठ्यक्रम, उद्यमिता, रोजगारपरक कौशल तथा प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें कौशल विकास, नवाचार और उपलब्ध अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।



महेंद्रगढ़। पौधरोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## हकेंवि में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान चलाया

■ पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर के संकल्प के साथ विश्वविद्यालय परिवार ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा-2026 के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम-2026 पौधरोपण अभियान का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर स्थित वाई-फाई सर्किल में किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निर्देशों एवं स्वच्छता पखवाड़ा कार्ययोजना के अनुरूप आयोजित किया गया, जिसमें एक पेड़ मां के नाम अभियान के लिए समर्पित किया गया है।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान पर्यावरण संरक्षण को मातृत्व के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना से जोड़ने वाली एक प्रेरणादायी पहल है। मां के नाम पर लगाया गया प्रत्येक पौधा प्रकृति के संरक्षण और भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण का संकल्प है। कार्यक्रम के संयोजक एवं ग्रीन कैंपस-स्वच्छ कैंपस क्लब के संयोजक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पौधरोपण करना नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय समुदाय में पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता तथा नागरिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में प्रो. नंद किशोर, प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. आनंद शर्मा, प्रो. मोना शर्मा, प्रो. विपन कुमार परिहार, डॉ. अनुराग बहादुर सिंह, डॉ. धर्मपाल सिंह पुनिया, डॉ. मनीष, अनिल कुंडु, डॉ. सुरेंद्र, डॉ. अलेखा एस. नायक, डॉ. विकास सिवाच, विजय सांगवान तथा डॉ. नीरज कर्ण सिंह उपस्थित रहे।

## नीट परीक्षा परिणाम में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट की परीक्षा का परिणाम घोषित किया, जिसमें सूरज स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने शानदार सफलता अर्जित कर अपने विद्यालय, क्षेत्र तथा माता-पिता के नाम को रोशन किया। विद्यालय निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों में गर्व तोमर पुत्र प्रमोद कुमार ने एंजेसी द्वारा निर्धारित 720 अंक में से सर्वाधिक ने 678 अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी क्रम में तनीषा पुत्री अजय कुमार ने 614 अंक के साथ द्वितीय तथा खुशी पुत्री सुनील कुमार ने 611 अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी सफलता को आगे बढाते हुए स्कूल के अन्य विद्यार्थियों जिनमें भूपेन्द्र पुत्र पवन कुमार ने 606, सुधांशु पुत्र नरेंद्र शर्मा ने 606, सर्वेश पुत्र महिपाल ने 602, श्रेयांश चैहान पुत्र प्रवीण चौहान ने 596, प्रियांक पुत्र महेश कुमार ने 590, समीक्षा पुत्री भूप सिंह ने 585, हिमांशु पुत्र प्रदीप कुमार ने 585, शुभम पुत्र नरेश कुमार ने 584, रजनीश पुत्र शिव कुमार 580, तनीश शर्मा पुत्र सुनील कुमार ने 556, साहिल यादव पुत्र सुदेश यादव ने 552, देवाशीष शर्मा पुत्र देवानंद शर्मा ने 542, गीतू पुत्री होशियार सिंह ने 537, स्वीटी पुत्री सोमवीर ने 523, महक शर्मा पुत्री विजय कुमार ने 519, प्राची पुत्री राकेश ने 512, सेरेन भाटिया पुत्री रमेश भाटिया ने 508, सुजीत पुत्र श्रीभगवान ने 506, वर्षा पुत्री सुनील ने 505, हर्षिता पुत्री हर्षवर्धन ने 503, पूजा पुत्री प्रदीप ने 499, खुशी पुत्री जोगेंद्र ने 498, खुशबू पुत्री दीपक कुमार ने 491, ख्वाहिश पुत्री संत कुमार ने 490, नितिन कुमार पुत्र हीरा लाल बैरवा ने 486, दीक्षा पुत्री सतीश ने 484, हर्ष कुमार दहिया पुत्र पवन दहिया ने 478, अंक एवं अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियो ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की।



महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## श्रीकृष्णा स्कूल के 65 विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा की उत्तीर्ण



साक्षी | प्रिया | निखिल | नितिन

**महेंद्रगढ़।** बोर्ड परीक्षा में बेहतरीन परिणामों के बाद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी नीट यानी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में श्रीकृष्णा स्कूल के 65 विद्यार्थियों ने शानदार प्रर्दशन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। सीनियर हेड संदीप यादव ने बताया कि श्रीकृष्णा स्कूल के 65 विद्यार्थियों ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी नीट परीक्षा में क्वालीफाई किया है। नितिन कुमार पुत्र सतीश कुमार गडानिया ने 562 अंक, प्रिया पुत्री अजीत सिंह निवासी पालडी पनिहारा ने 562 अंक, उमंग पुत्र सुरेंद्र कुमार निवासी जावां ने 548 अंक, साक्षी पुत्री रविकांत मांडोला ने 533 अंक, अर्पित पुत्री प्रशांत निवासी नौताना ने 520 अंक, निखिल कुमार पुत्र रामौतार निवासी महेंद्रगढ़ ने 502 अंक सहित अन्य विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा में स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के अटूट संकल्प, शिक्षकों की कड़ी मेहनत और हमारी मजबूत शिक्षण प्रणाली का परिणाम है। नीट देश की मेडिकल विधा की प्रतिष्ठित परीक्षा है। जो देश को नए प्रतिभावान व ऊर्जावान चिकित्सक प्रदान करती है। प्राचार्य रवि प्रकाश ने कहा कि विद्यार्थी चिकित्सक बनकर एक अच्छे व सुदृढ़ समाज की स्थापना करेंगे वहीं समाज सेवा कर स्वस्थ भारत के निर्माण में अपना सहयोग देंगे।



रौनक | अंजलि | लोकेश | प्रिया | अंशिका

## यदुवंशी शिक्षा निकेतन के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित नीट परीक्षा परिणाम में यदुवंशी शिक्षा निकेतन के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन का परिचय दिया है। इस सफलता में रौनक पुत्र जितेन्द्र ने 670 अंक, मोहम्मद तल्हा पुत्र जामिल अहमद ने 644 अंक, अंजली पुत्री सुनील कुमार ने 640 अंक खुशी यादव पुत्री किरण कुमार ने 632 अंक, पायल यादव पुत्री रोशन लाल यादव ने 631 अंक, नरेन प्रताप पुत्र मिंटू कुमार ने 630 अंक, कनिका पुत्री ओमवीर यादव ने 628 अंक, हर्षिता बंसल पुत्री ललित कुमार 627 अंक, सुहानी मित्तल पुत्री अनिल मित्तल ने 619 अंक, किरण पुत्री सुंदरलाल ने 617 अंक, रीतू पुत्री अभय सिंह ने 611 अंक हासिल किए है। चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी आगे चलकर एक कुशल डॉक्टर बनें और देश सेवा के साथ-साथ समाज एवं अपने विद्यालय का नाम रोशन करें।

## मॉडर्न स्कूल के विद्यार्थियों ने नीट की परीक्षा में नाम किया रोशन

**महेंद्रगढ़।** मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल चामधेड़ा रोड के विद्यार्थियों ने हाल ही में आयोजित नीट 2026 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तंवर ने बताया कि विद्यालय के छात्र मुकुल पुत्र जगपाल सिंह ने ऑल इंडिया 4907 रैंक, मान्यता पुत्री संजय कुमार ने 12961 रैंक, हर्ष पुत्र सतन सिंह ने 17655 रैंक तथा साहिल पुत्र सत्यवीर ने भी नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय की सफलता में चार चांद लगा दिए। विद्यालय चेयरमैन सतन सिंह एवं प्रधानाचार्य प्रदीप तंवर ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों के सहयोग तथा विद्यालय के अनुभवी शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी तथा भविष्य में भी विद्यालय शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। इस मौक पर समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित था।



साहिल | हर्ष | मान्यता | मुकुल

### सिद्धार्थ सैनी ने नीट परीक्षा में हासिल की एआईआर 6596

**नारनौल।** गांव ढाणी कोजिन्दा के होनहार छात्र सिद्धार्थ सैनी पुत्र दीपक सैनी ने नीट -2026 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 6596 प्राप्त की है। इस उपलब्धि के साथ उनके सरकारी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस में प्रवेश मिलने की प्रबल संभावना है। सिद्धार्थ सैनी राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मण्ढाणा के मेधावी छात्र रहे हैं। प्राचार्य सुनील यादव ने कहा कि सिद्धार्थ सैनी की यह उपलब्धि पूरे विद्यालय और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। अपने अथक परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से यह सफलता हासिल की है। उनकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

# खेल और फिटनेस में आगे बढ़ रहा गुवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

जिला में खेलों के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर चुके बाबा गैबीराम खेल ग्राउंड (बीजीआर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स) गुवानी के खिलाड़ियों ने जिला उपायुक्त अनुपमा अंजलि से शिष्टाचार मुलाकात कर खेल एवं फिटनेस गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की।

खिलाड़ियों ने बताया कि इस मैदान पर प्रतिदिन 500 से अधिक युवा व युवतियां गांवों से आकर नियमित अभ्यास करते हैं। अनुशासन और मेहनत का ही परिणाम है कि पिछले चार-पांच वर्षों में यहां से 200 से अधिक खिलाड़ी विभिन्न सरकारी व गैर-सरकारी नौकरियों में चयनित हो चुके हैं। इस दौरान खिलाड़ियों ने उपायुक्त को अवगत कराया कि वे क्षेत्र में स्वास्थ्य व फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 'रन फॉर यूथ, रन फॉर नारनौल' और 'रन फॉर संडे' जैसी मुहिमों में भाग लेते रहे हैं। इन अभियानों को और व्यापक स्तर पर ले जाने के लिए उन्होंने जिला प्रशासन से सहयोग की मांग की। वहीं कोच सुनील कुमार चौहान ने बताया कि आगामी नौ अगस्त को प्रस्तावित 'ड्रग फ्री हरियाणा नारनौल हाफ मैराथन' को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। यह भव्य आयोजन जिला उपायुक्त अनुपमा अंजलि की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। बीजीआर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के खिलाड़ियों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि हरियाणा को नशामुक्त बनाने और मैराथन को सफल बनाने के लिए वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ सहयोग करेंगे।



मंडी अटेली। उपायुक्त अनुपमा अंजलि को स्मृति चिहन भेंट करते हुए।

### प्रशासनिक सहयोग देने का भरोसा

वहीं उपायुक्त अनुपमा अंजलि ने युवाओं के खेल व फिटनेस के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए हर संभव प्रशासनिक सहयोग देने का भरोसा दिलाया। गौरतलब है कि कोच सुनील कुमार चौहान सरकारी सेवा में होने के बावजूद पिछले कई वर्षों से बाबा गैबी राम खेल ग्राउंड गुवानी में बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण देकर युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित कर रहे हैं।

## न्यूज डायरी



### संस्कारों के बिना शिक्षा अधूरी : स्वामी रमणा नंद

**नारनौल।** हुडा स्थित सीएल पब्लिक स्कूल में आयोजित धार्मिक एवं प्रेरणा सत्र में स्वामी रमणा नंद ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कारों का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि संस्कारों के बिना शिक्षा अधूरी और बेकार है। केवल डिग्री प्राप्त कर लेना ही सफलता नहीं है, बल्कि अच्छे संस्कार ही व्यक्ति को समाज में सम्मान दिलाते हैं और उसे आदर्श नागरिक बनाते हैं। स्वामी रमणा नंद ने अपने संबोधन में रामायण और महाभारत के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम ने गुरु से शिक्षा के साथ श्रेष्ठ संस्कार भी ग्रहण किए, इसलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। वहीं अर्जुन और कर्ण दोनों ने उच्च शिक्षा प्राप्त की थी, लेकिन संस्कारों और सही मार्गदर्शन का अंतर उनके जीवन की दिशा तय करने वाला बना।



### नीट यूजी में टैगोर स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**महेंद्रगढ़।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के घोषित परिणाम में टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने शानदार प्रदर्शन कर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता सिद्ध की है। विद्यालय के 76 विद्यार्थियों ने नीट यूजी-2026 परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल है। विद्यालय के सफल विद्यार्थियों में मानविक पुत्र सुनील कुमार, नेहा पुत्री पवन कुमार, कंचन पुत्री अरविंद, चंचल पुत्री सतीश, प्रिंसी पुत्री संजय, नैन्सी पुत्री अनुप कुमार, ऋषु पुत्री अमीर सिंह, भाव्या पुत्री सुनील कुमार, अंतिम पुत्री कृष्ण कुमार तथा अजय पुत्र नरेश चौहान सहित अनेक विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंकों के साथ सफलता प्राप्त कर अपने परिवार एवं विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। चेयरमैन डॉ. बी.एल. यादव ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।



### क्लास रूम से कोर्ट रूम तक: न्याय प्रणाली का व्यावहारिक अनुभव लेने अदालत पहुंचे छात्र

**नारनौल।** अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस के वैश्विक अवसर पर स्थानीय हरियाणा पब्लिक स्कूल के लगभग 15 महत्वाकांक्षी विद्यार्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) नारनौल न्यायालय का एक विशेष अकादमिक भ्रमण किया। विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार की अगुवाई में दोपहर ठीक 12 बजे न्यायालय परिसर पहुँचे इन विद्यार्थियों को मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी (सीजेएम) नीलम से भेंट करने का अनूठा अवसर प्राप्त हुआ। 30 मिनट के इस विशेष संवाद सत्र में मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी का विद्यार्थियों को अत्यंत प्रभावी एवं प्रेरणादायक मार्गदर्शन मिला।

**नीलामी सूचना**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बवानिया (3863) खंड कनीना जिला महेंद्रगढ के जर्जर स्कूल भवन के दांया पक्ष के कमरे एवं बरामदे के सामान की खुली बोली द्वारा नीलामी सोमवार 27.07.2026 को प्रातः 10 बजे स्कूल प्रांगण में की जाएगी। प्रत्येक बोली दाता को धरोहर राशि के रूप में 30000 रूपए नीलामी के दिन विद्यालय द्वारा गठित कमेटी के पास जमा करवानी होगी। नीलामी से संबंधित अन्य शर्तें मौके पर बताई जाएगी। स्कूल कमेटी का फैसला अंतिम एवं मान्य होगा।

**प्राचार्य एवं एसएमसी, रा. व. मा. वि. बवानिया, कनीना जिला महेंद्रगढ**
मो. 9416268153, 7015272797 Mail:pplgsssbawania@gmail.com

**राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बलाना**
**स्कूल कोड- 5443**

बोली की सूचना

रा.व.मा. विद्यालय बलाना (स्कूल कोड-5443) के जर्जर भवन के सामान की खुली बोली निम्नलिखित विवरणानुसार आमंत्रित की जाती है। छह (6) जर्जर कमरे बरामदे सहित की तोड़ने व टूटे हुए सामान की दिनांक 28 जुलाई 2026 (मंगलवार) को प्रातः 10:00 बजे विद्यालय प्रांगण में खुली बोली लगेगी।
नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी। स्कूल की SMC (सांझी सभा) फैसले का अंतिम निर्णय लेगी।
-सांझी सभा/प्राचार्य
रा.व.मा. विद्यालय बलाना (स्कूल कोड-5443)

संपर्क : 9416477544 | Email:-balanagms5443@gmail.Com

## खबर संक्षेप



### एनसीसी कैडेट्स ने जीते कई पदक

**मंडी अटेली।** राजकीय कॉलेज अटेली के एनसीसी कैडेट्स ने आरपीएस महाविद्यालय बलाना में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर एटीसी-169 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई स्वर्ण और रजत पदक जीते। छह से 15 जुलाई तक चले शिविर में कैडेट्स ने खेल, सांस्कृतिक और तकनीकी प्रतियोगिताओं में भाग लिया। वॉलीबॉल, खो-खो, डांस, फायरिंग, योग, पेंटिंग, कविता पाठ और ऐप डेवलपमेंट जैसी प्रतियोगिताओं में कैडेट्स ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

### महाविद्यालय में 60 पौधे लगाकर शुरू की हरित पहल

**मंडी अटेली।** महंत खेतानाथ राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को वृक्षारोपण अभियान का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नारनौल के निर्देशानुसार आयोजित हुआ। अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के करीब 60 छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए।

### महेंद्रगढ़ में खंड स्तरीय कल्चरल फेस्ट

**महेंद्रगढ़।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को खंड स्तरीय कल्चरल फेस्ट का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में महेंद्रगढ़ खंड के सभी सरकारी विद्यालयों के लगभग 210 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### जन्मदिन पर किया पौधरोपण

**महेंद्रगढ़।** शिक्षा नगर नियर यदुवंशी स्कूल के मास्टर संदीप कुमार बसई की बेटी सावी जन्मदिन पौधा लगाया गया। अपनी दादी संतोष देवी का आशीर्वाद लेकर निरंतर ऐसे ही हर वर्ष पौधे लगाकर पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। बेटी की माता शर्मिला, अध्यापिका ललिता, मास्टर संजय कुमार, कृष्ण फौजी आदि मौजूद रहे।

---

**पूर्व सिंचाई मंत्री डा. अभयसिंह यादव के प्रयासों से खड़ी हुई मेडिकल कॉलेज की इमारत, उनकी आंखों के सामने मेडिकल लोकार्पण दूसरे ने किया**

# छलका दर्द : बेटी की तरह लाड़-प्यार से पाला, फेरों की बात आई तो कन्यादान करने का नहीं मिला मौका

सतीश सैनी ▶▶| नारनौल

जब मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की चर्चा जिला में चल रही थी, उस वक्त हर भाजपा विधायक भागदौड़ कर रहे थे, उनके मनमुताबिक जगह पर मेडिकल कॉलेज स्थापित हो। इस भागदौड़ में नांगल चौधरी से विधायक डा. अभयसिंह यादव आगे निकले और कोरियावास में मेडिकल कॉलेज स्थापित करवाने की घोषणा करवाने में कामयाब हो गए। इसके बाद जब तक मेडिकल कॉलेज की इमारत तैयार नहीं हुई, तब तक हर बारीकी नजर रखी। उनका कहना था कि यह उनके लिए सपना साकार करना जैसा है। शुक्रवार को जब इसी महर्षि च्यवन ऋषि राजकीय मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण हो रहा था तो वह मुख्य अतिथि की बजाय केवल उनकी उपस्थिति ही थी। राजनीति प्रतिद्वंदी ही यहां मुख्य अतिथि थी। जब डा. अभयसिंह यादव के भाषण की बारी आई तो उनका दर्द छलका और कहा कि बेटी की तरह लाड प्यार से पाला, फेरों की बात आई तो कन्यादान करने का भी मौका नहीं मिला।

## राव नरेंद्र से हुई बातचीत के भी खोले पत्ते



भाषण देते डॉ अभयसिंह यादव

अपने भाषण में उन्होंने कहा कि साल 2014 में जब भाजपा सत्ता में आई। उससे पहले हमने विकास का नाम सुनना बंद कर दिया था। ऐसा हाल हो गया था कि पिछड़ापन को सच्चाई मानकर हमने उसे स्वीकार कर लिया था। हमारे जो विपक्ष पार्टी के लोग है, उन्होंने भी शायद इस विषय में प्रयास करना बंद कर दिया था। याद है कि साल 2016 की सर्दियों की बात है। मैं हमारे गांव के पास मुरारीपुर में एक लग्न समारोह में गया था। वहीं, हमारे इस क्षेत्र के ही पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं कांग्रेस पार्टी के सीनियर नेता भी उपस्थित थे। मैंने एक स्टेटमेंट दी थी, नारनौल का 20 किमी बाइपास बनाएंगे और महेंद्रगढ़ जिला में मेडिकल कॉलेज की स्थापना करेंगे। उसी समय हमारे साथी कहने लगें कि डॉक्टर साहब क्यों लोगों को बहका रहे हो। अगर मेडिकल कॉलेज बनाना इतना ही आसान होता तो मैं स्वास्थ्य मंत्री रहा हूं, मैं ही बना देता और बाइपास 20 किलोमीटर की बात कर रहे हो हमने तीन किलोमीटर बनवाया था, हमने इसके लिए पता नहीं क्या क्या किया था। मैंने उस समय उनको कहा था कि मंत्री जी भाजपा सरकार है जो वह कहती है वह करती है। थोड़ा सा विश्वास रखो। यह दोनों काम होंगे और आज आपके सामने नारनौल का 20 किलोमीटर का लंबा बाइपास और मेडिकल कॉलेज की भव्य इमारत आपके सामने है। इससे अगली खुशी की बात यह है कि नारनौल की रिंग बनने में जो 12 किलोमीटर का टुकड़ा बच गया था, उसकी भी नोटिफिकेशन हो गई है। इस मेडिकल कॉलेज से 500 मीटर दूर से जाकर बाइपास लॉजिस्टिक हब में मिलेगा। इस बाइपास से आपका लॉजिस्टिक हब, मेडिकल कॉलेज और अभी तीन दिन पहले मैंने नेशनल हाइवे अर्थोरिटी से बात की है, यह रोप पे को भी नेशनल हाइवे से जुड़वाएंगे। यह सारे काम इसलिए हो रहे है यहां भाजपा पार्टी की सरकार है।

## स्वास्थ्य मंत्री से मांगें चार सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टर

डॉ अभयसिंह यादव ने कहा कि जहां तक इस मेडिकल कॉलेज की बात है। इस कार्यक्रम के बाद इन इमारतों का दौरा जरूर करें। इस कैंपस में घूमोंगे तो ऐसा लगेगा कि किसी फाइव स्टार होटल में है। लेकिन इस कॉलेज के बारे में जब मैं सोचता हूं। "आज के दिन मुझे ऐसा महसूस हो रहा है कि जैसे बहुत लाड प्यार से बाप अपनी बेटी को पालन पोषण करें। जब उसकी फेरों की बात आए तो कन्यादान करने का मौका ना मिले, वहीं स्थिति आज मेरे साथ हो रही है।" लेकिन आज का दिन हमारे लिए शुभ है। अभी दो तीन दिन पहले मेडिकल एज्यूकेशन डिपार्टमेंट से जो मेडिकल कॉलेज का प्रबंधक मंडल है, उन्होंने एक प्रेस नोट जारी की है, 600 बैड की आईपीडी भी शुरू होगी। मेरी शुभकामनाएं उनके साथ है। भगवान करें यह जल्दी शुरू हो। स्वास्थ्य मंत्री से मेरा निवेदन है कि हमें ज्यादा नहीं हमें चार सीनियर डॉक्टर सुपरस्पेशलिस्ट दे दो। इनमें गाडियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, मेडिसन और एक जनरल सर्जरी।

---

**एचएसईबी डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन ने मनाया स्थापना दिवस**

# ट्रांसफार्मर शॉर्टेज राशि की शेष 50 प्रतिशत माफी समेत कई मांगें उठाईं

- एसीपी, पदोन्नति और अनुशासनात्मक मामलों के शीघ्र निपटारे की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। स्थापना दिवस पर लड्डू बांटते जेई। फोटो : हरिभूमि

एचएसईबी डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन की नारनौल सर्कल इकाई ने शुक्रवार को सिंघाना रोड स्थित एसई कार्यालय परिसर में एसोसिएशन के प्रधान सत्यपाल जेई की अध्यक्षता में संगठन का 47वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम में संगठन के इतिहास, उपलब्धियों और बिजली निगम के जूनियर इंजीनियरों (जेई) से जुड़े लंबित मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई।

वक्ताओं ने बताया कि 17 जुलाई 1980 को स्थापित संगठन ने पिछले 47 वर्षों में जेई वर्ग की अनेक समस्याओं को निगम प्रबंधन और सरकार के समक्ष मजबूती से उठाकर उनके समाधान का प्रयास किया है। संगठन ने ट्रांसफार्मरों में रेल एवं नट-बोल्ट की शॉर्टेज राशि माफ कराने, पदोन्नति में जेई का कोटा बढ़ाकर 50 प्रतिशत कराने, टाइम स्केल लागू करवाने, जेई का वेतनमान पड़ोसी राज्यों पंजाब और हिमाचल प्रदेश के अनुरूप करने तथा जेई-1 की ड्यूटी अलाउंस सहित कई मुद्दों पर लगातार संघर्ष किया है। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2017 में तत्कालीन मुख्य अभियंता द्वारा जारी मेमो के आधार पर ट्रांसफार्मरों की शॉर्टेज राशि का 50 प्रतिशत भाग पहले ही माफ किया जा चुका है, जबकि शेष राशि को भी पूरी तरह माफ कराने की मांग लंबे समय से लंबित है। संगठन ने निगम प्रबंधन से इस मामले में शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की। संगठन ने अपनी प्रमुख मांगों में सभी जेई एवं इंजीनियरों के खातों में ट्रांसफार्मर शॉर्टेज की शेष 50 प्रतिशत राशि माफ करने, सात दिन के भीतर जमा कराई गई ट्रांसफार्मर सामग्री पर कोई शॉर्टेज राशि वसूल नहीं करने, लंबित अनुशासनात्मक मामलों का निपटारा करने तथा सभी जेई के एसीपी और पदोन्नति के मामलों का शीघ्र समाधान करने की मांग दोहराई। उन्होंने बताया कि इसका मेमोरेंडम पांच महीनों से चीफ इंजीनियर दिल्ली के पास पेंडिंग है।

### दिवंगतों को किया याद

कार्यक्रम के दौरान संगठन के दिवंगत मीडिया प्रभारी स्वर्गीय जेई अनिल कुमार शर्मा, जिन्होंने लगभग 18 वर्षों तक संगठन की सेवा की, तथा स्वर्गीय बृजेश कुमार के 51 दिन के संघर्ष में किए गए योगदान को याद करते हुए उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही नवनियुक्त जेई से संगठन से जुड़कर अपने अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में लड्डू भी बांटे गए।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर सर्कल प्रतिनिधि गजराज यादव, जिला सचिव जितेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष विजय कुमार, ऑडिट सचिव हिम्मत सिंह, नरेंद्र जेई-1, वेदप्रकाश जेई-1, दलीप सिंह जेई-1, कैलाश जेई, ओमसिंह जेई, संदीप जेई, सुनील कुमार निनानियां जेई, सत्यवीर जेई, कुलदीप जेई, पवन कुमार कौथल वाले, पवन कुमार सिरसा, रणबीर सिंह जेई, रामकिशन जेई, गोकलचंद जेई, पंकज जेई एवं शेरसिंह जेई आदि उपस्थित रहे।

---

# 33 साल बाद महेंद्रगढ़ पहुंचे एसीएस रोडवेज सब डिपो निर्माण का दिया भरोसा

- डॉ. वी राजा शेखर का विभिन्न सामाजिक संगठनों ने पगड़ी एवं शाल ओढ़ाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। सम्मानित करते सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति सदस्य।

हरियाणा सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. वी. राजा शेखर 33 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद महेंद्रगढ़ पहुंचे। यहां अनेक सामाजिक संगठनों ने उनको सम्मानित किया। इस दौरान डॉ. वी राजा शेखर वूंडरू ने समारोह को संबोधित करते हुए महेंद्रगढ़ कॉम्प्लेक्स व अन्य पुराने विकास कार्यों की यादों को साझा किया। उन्होंने क्षेत्र में हुए बदलावों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा ने महेंद्रगढ़ की तस्वीर बदल दी है। इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय लोगों की मांग पर महेंद्रगढ़ में रोडवेज के नए सब डिपो के जल्द निर्माण का पूरा भरोसा दिया। इस दौरान सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति ने डॉ. वी राजा शेखर को ज्ञान, करुणा और समता का अग्रदूत बताते हुए पगड़ी पहनाकर शाल ओढ़ाकर, मोमेंटो एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह, कॉम्प्लेक्स के प्रधान रामचंद्र, बस्ती राम, सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के प्रधान चंदन सिंह जालवान, महासचिव बिरदी चंद गोठवाल, उपाध्यक्ष राजेश चांवरिया, समिति प्रवक्ता एवं प्रधान अनिल फाण्डन कोली समाज के प्रधान तोताराम, मानव समाज सेवा फाउंडेशन के प्रधान जयपाल सिंह, सचिव सुमेर सिंह गोठवाल, पूर्व थानेदार कालूराम मेहरा, पूर्व डीजीएम महेंद्र खन्ना, अमरनाथ सिरोहा, राजेंद्र जलवान, हरि राम सिरोहा और खंड प्रधान विकास बचीनी सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे

---

**गर्मी में लोगों की प्यास बुझेगी**

## नसीबपुर जेल में आर्यव्रत सेवा न्यास ने लगाए तीन वाटर कूलर

**नारनौल।** आर्यव्रत सेवा न्यास की ओर से नसीबपुर जेल परिसर में तीन वाटर कूलर स्थापित किए गए। इनका उद्देश्य जेल में आने वाले बंदियों, कर्मचारियों और मुलाकातियों को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना है। वाटर कूलर के उद्घाटन अवसर पर जेल अधीक्षक संजय बांगड़ और आर्यव्रत सेवा न्यास के संस्थापक विनीत पिलानिया के बेटे मृत्युंजय सिंह पिलानिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर संयंत्रों का शुभारंभ किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने न्यास की इस पहल की सराहना की और कहा कि सार्वजनिक हित से जुड़े ऐसे कार्य समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। आर्यव्रत सेवा न्यास की ओर से बताया गया कि संस्था सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, जल सेवा और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यों को निरंतर आगे बढ़ा रही है। इसी कड़ी में नसीबपुर जेल में तीन वाटर कूलर स्थापित किए गए हैं।



उद्घाटन करते मृत्युंजय सिंह पिलानिया।

## धनौन्दा में 20 से 26 के बीच होगा योग शिविर

**नारनौल।** कनीना उपमंडल के गांव धनौन्दा के वेद मंदिर में 20 से 26 जुलाई तक योग शिविर लगाया जाएगा। इस सात दिवसीय शिविर का शुभारम्भ 20 जुलाई को मुख्य अतिथि समाजसेवी ठाकुर अतरलाल करेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए आर्य समाज धनौन्दा के प्रधान संतलाल आर्य ने कहा कि योग शिविर का उद्देश्य योग को हर व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि योग कोच कुनाल मावता युवा तथा स्वयं सेवकों को प्रशिक्षण देंगे। योग शिविर को लेकर आसपास के गांव खरकड़ा बास, झाड़ली, छिथरोली, सिहोर, उन्हाणी, कैमला, पाथेड़ा, खेड़ी तलवाना के युवाओं में भारी उत्साह है।

---

# एक करोड़ 18 लाख के साइबर फ्रॉड में 17वां आरोपी गिरफ्तार

- फ्रॉड की रकम में से दिव्यांशु के खाते में पहुंचे थे एक लाख रुपये



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

**नारनौल।** साइबर थाना की टीम ने साइबर फ्रॉड के मामले में संलिप्त एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया है। एक करोड़ अठारह लाख की साइबर ठगी के मामले में पुलिस द्वारा अबतक 17 आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। टेलीग्राम टास्क/ टेलीग्राम फ्रॉड द्वारा आरोपित दिव्यांशु के बैंक खाते में फ्रॉड किए गए रुपये में से एक लाख रुपये सीधे हस्तांतरण होने पाए हैं। पुलिस ने पता लगाया कि आरोपित साइबर ठगों से कमीशन पर अपने खाते में रुपये हस्तांतरण करवाता था। आरोपित की पहचान दिव्यांशु निवासी प्रतापनगर, जोधपुर के रूप में हुई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 16 आरोपितों को पहले गिरफ्तार किया गया था। आरोपितों से 20 हजार रुपये, 26 मोबाइल, चार लैपटॉप, 59 एटीएम कार्ड, 22 चेकबुक, आठ कैशबुक, 12 पासबुक, 17 सिम कार्ड व अन्य सामान बरामद किया था।

### सुनील ने पुलिस को दी थी शिकायत

खैराना निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को शिकायत दी कि टेलीग्राम पर ऑनलाइन वर्क का झांसा देकर साइबर ठगों ने उसे टास्क पूरे करवाए और अलग-अलग खातों में रुपये जमा करवाते रहे। ठगों के कहने पर उसने अपनी जमा पूंजी और उधार लेकर कुल 1 करोड़ 18 लाख 47 हजार 353 रुपये जमा करवा दिए। वेबसाइट अकाउंट में बढ़ी रकम दिखाकर उससे और पैसे मांगे गए। ठगी का एहसास होने पर उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

## शिविर में कैडेटों को मिली अनुशासन व नेतृत्व करने की प्रेरणा

**नांगल चौधरी।** शहीद मेजर सतीश दहिया राजकीय महाविद्यालय के 29 एनसीसी कैडेटों ने एनसीसी प्रशिक्षण हांसिल किया है। यह शिविर कमांडेंट कर्नल संदीप सिंह के निर्देशन में आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना में आयोजित किया गया, जिसमें 400 से अधिक कैडेटों ने हिस्सा लिया है। शिविर के दौरान कैडेटों को सैन्य अनुशासन, ड्रिल, हथियार संचालन, मानचित्र अध्ययन तथा नेतृत्व क्षमता से जुड़े विभिन्न विषयों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिनमें महाविद्यालय के कैडेटों ने भाग लेते हुए कई पदक भी हासिल किए।

# जैलाफ के बड़े जोहड़ को नहरी पानी से भरने की मांग, सौंपा ज्ञापन

- भीषण गर्मी और कम होते जलस्तर से पशुपालक चिंतित, गर्भवती भैंसों के स्वास्थ्य पर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। जैलाफ का वह जोहड़, जिसे नहरी पानी से भरने की मांग उठी है।

गांव जैलाफ के ग्रामीणों ने भीषण गर्मी और जोहड़ में लगातार घटते जलस्तर को देखते हुए गांव के बड़े जोहड़ (आश्रम के समीप) को नहर के पानी से भरवाने की मांग उठाई है। इस संबंध में ग्रामीणों ने उपमंडल अभियंता-द्वितीय, जेएलएन कैनाल, सिंचाई विभाग, नारनौल को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में ग्राम पंचायत सदस्य मुकेश कुमार, राजबाला, नंबरदार छितरमल तथा सामाजिक कार्यकर्ता छाजूराम रावत ने बताया कि क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ रही है और मानसून की बारिश में भी देरी हो रही है। ऐसे में गांव के बड़े जोहड़ में पानी लगभग समाप्त होने की स्थिति में है। उन्होंने कहा कि जोहड़ में पर्याप्त पानी रहने से पशुओं, विशेषकर भैंसों, को गर्मी से राहत मिलती है और उनका स्वास्थ्य बेहतर रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि जोहड़ सूखने की स्थिति में गर्भवती पशुओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। पिछले वर्षों में भी पानी की कमी के कारण विशेष रूप से भैंसों के बीमार होने और गर्भ खराब होने के मामले सामने आए हैं।

# डेंगू-मलेरिया रोकथाम अभियान 102 घरों की जांच में मिला लार्वा



महेंद्रगढ़। ग्रामीणों को पंपलेट वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** बरसात के मौसम में डेंगू और मलेरिया के बढ़ते खतरे को देखते हुए राष्ट्रीय डेंगू-मलेरिया रोधी माह अभियान के तहत शुक्रवार को गांव देवास में स्वास्थ्य विभाग ने महाअभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व स्वास्थ्य कार्यकर्ता सतीश खैरवाल ने किया। उनके साथ सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हिमांशु, एएनएम शर्मिला, एएनएम रोशनी व आशा वर्कर की टीम भी मौजूद रही। स्वास्थ्य कार्यकर्ता सतीश खैरवाल ने गांव में डोर-टू-डोर जाकर लोगों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि एक हफ्ता, दस मिनट फॉर्मूले को अपनाएं। हर रविवार को कूलर, फ्रिज की ट्रे, गमले, टायर और पानी की टंकियों की सफाई अवश्य करें। घर के आसपास पानी जमा न होने दें और बुखार आने पर लापरवाही न बरतें। अभियान के दौरान 102 घरों में लार्वा की जांच की गई। जिनमें से दो घरों में लार्वा पाया गया, एक कूलर और एक पानी की टंकी में। लार्वा को तुरंत नष्ट कर परिवारों को नोटिस दिए गए।

## पौधरोपण अभियान के तहत जिले भर में रोपे गए 19507 पौधे




**नारनौल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से गत दिवस पूरे जिले में पौधरोपण अभियान का आयोजन किया। पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के पावन उद्देश्य से शुरू किए गए इस महा-अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिले के सभी सरकारी व गैर-सरकारी विभागों के साथ मिलकर एक सराहनीय साझा कदम उठाया। इस मुहिम के तहत जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों, सरकारी कार्यालयों, स्कूलों और सार्वजनिक परिसरों में 19,507 पेड़-पौधे लगाए गए। इस दौरान सीजेएम नीलम कुमारी ने पर्यावरण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण आज के समय की सबसे बड़ी और अनिवार्य जरूरत बन चुका है। उन्होंने जिले के सभी विभागों और आम जनता से अपील की कि वे केवल पौधे लगाने तक ही सीमित न रहें, बल्कि उन पौधों के बड़े होने तक उनकी उचित देखभाल, सिंचाई और सुरक्षा करने का भी सच्चा संकल्प लें।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

**उमस भरी गर्मी में ग्रामीणों की नींद हराम, निर्बाध सप्लाई की मांग**

# 33 केवी पावर ग्रिड सब स्टेशन गुढ़ा से रात के समय लग रहे अघोषित बिजली कट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

क्षेत्र में बारिश न होने के चलते इन दिनों भीषण और उमस भरी गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर रखा है, ऐसे में 33 केवी पावर ग्रिड सबस्टेशन गुढ़ा से रात्रि के समय होने वाली अघोषित बिजली कटौती ने ग्रामीणों की परेशानी को कई गुना बढ़ा दिया है। रात्रि के समय लगने वाले अघोषित पावर कट से ग्रामीणों का जीना पूरी तरह से दुश्वार हो गया है। दिनभर की कड़ी मेहनत के बाद जब ग्रामीण रात को चैन की नींद सोने जाते हैं, तो अचानक बिजली गुल हो जाने से उनकी रातों की नींद उड़ जाती है।

ग्रामीणों हनुमान सिंह, महावीर सिंह, राजकुमार, सुनील कुमार, सुरेंद्र व रजत का कहना है कि पिछले काफी समय से सब स्टेशन से रात के वक्त बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली काट दी जाती है। इस समय उमस और चिपचिपी गर्मी अपने चरम पर है। बिजली न होने के कारण पंखे और कूलर बंद पड़ जाते हैं। इस स्थिति में सबसे ज्यादा परेशानी छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को उठानी पड़ रही है। मच्छरों का भारी प्रकोप और ऊपर से भीषण गर्मी की वजह से लोग रात-रात भर जागने को मजबूर हैं। हालात यह हैं कि लोगों को अपने घरों की छतों पर या बाहर खुले में हाथ के पंखे झोलकर रात गुजारनी पड़ रही है। रात की नींद पूरी न होने के कारण इसका सीधा असर ग्रामीणों की दिनचर्या, खेती-बाड़ी और उनके कामकाज पर पड़ रहा है। इसके अलावा बार-बार होने वाली वोल्टेज की ट्रिपिंग और अघोषित कट से घरों में रखे कीमती इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के खराब होने का खतरा भी बना रहता है। इ

### ब्रेक डाउन होने से बचाने के लिए कट

ओवरलोड के चलते पावर ग्रिड को ब्रेक डाउन होने से बचाने के लिए कट लगाने पड़ते हैं जो नेशनल ग्रिड से ही लगते हैं। सिस्टम पर अधिक लोड आने से बिजली की सप्लाई और कंजप्शन को मेंटेन करना पड़ता हैं। बारिश होने के बाद तापमान में गिरावट आने के बाद समस्या से छुटकारा मिलेगा।

-एसडीओ विकास कुमार, बिजली निगम कार्यालय बुचावास